मासिक

# आजाद बोल

RNI No. - MPHIN/2020/79860

वर्ष : 5 अंक : 5 | इन्दौर, 15 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपए

## महागठबंधन में हलचल तेज, राहुल-खरगे से मिलने तेजस्वी यादव क्यों आ रहे हैं दिल्ली?

**नई दिल्ली।**
राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलेंगे, जिसमें आगामी बिहार चुनावों के लिए सीट बंटवारे और दोनों दलों के बीच गठबंधन पर चर्चा होगी। आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि बैठक में बिहार के संपूर्ण संदर्भ पर चर्चा की जाएगी। झा ने कहा कि यह बैठक बिहार के संपूर्ण संदर्भ को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई है, और चूंकि चुनाव अब लगभग 6-8 महीने दूर हैं, इसलिए इस पर चर्चा की जाएगी। आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने दिल्ली में एएनआई से कहा एक औपचारिक बैठक है। अगर हम कांग्रेस पार्टी के सहयोगियों को देखें, तो आरजेडी अब तक की सबसे पुरानी सहयोगी रही है। इस औपचारिक बैठक में पूरे परिदृश्य पर चर्चा की जाएगी।

बिहार विधानसभा चुनाव में अब लगभग छह महीने ही बचे हैं, ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बिहार में कांग्रेस की सबसे पुरानी सहयोगी पार्टी आरजेडी भी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है। आरजेडी-कांग्रेस की बैठक खड़गे के आवास पर होने की उम्मीद है। 20 अप्रैल को कांग्रेस अध्यक्ष बिहार के बक्सर जिले में एक जनसभा को भी संबोधित कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने बिहार में पलायन का मुद्दा उठाया है। उन्होंने 'नौकरी दो' रैली निकालकर राज्य सरकार से पलायन रोकने और युवाओं के लिए रोजगार सृजन की सुविधा देने का आग्रह किया। 7 अप्रैल को बेगूसराय में राहुल गांधी भी कुमार के साथ यात्रा में शामिल हुए।



इससे पहले 30 मार्च को बिहार में पार्टी के लिए चुनावी बिगुल बजाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव पर 1990-2005 के बीच 'जंगल राज' और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। 30 मार्च को अपनी बैठक के बाद से शाह चुनाव की तैयारी के लिए महीने में दो दिन बिहार में बिताने जा रहे हैं। 1990 से 2005 तक लालू यादव की सरकार ने बिहार में क्या किया? लालू यादव की सरकार ने पूरे राज्य में चारा घोटाला करके बिहार को देश और दुनिया में बदनाम किया। बिहार के इतिहास में उनकी सरकार को हमेशा 'जंगल राज' के नाम से जाना जाएगा।

## बड़े बदलाव के मूड में कांग्रेस, प्रियंका को पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है

**नई दिल्ली।**
कांग्रेस द्वारा संगठन में प्रियंका गांधी वाड्रा की भविष्य की भूमिका पर जल्द ही निर्णय लिए जाने की उम्मीद है, क्योंकि पार्टी उपाध्यक्ष के पद पर उनकी संभावित पदोन्नति को लेकर आंतरिक चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रियंका गांधी वाड्रा पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभा रही हैं, भले ही वे वर्तमान में महासचिव के पद पर हैं, लेकिन उनके पास कोई खास संगठनात्मक प्रभार नहीं है। उनके सबसे उल्लेखनीय हालिया योगदानों में से एक गुजरात से शुरू होने वाले जिला अध्यक्षों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक पायलट परियोजना का खाका तैयार करना है। यह परियोजना, जो जिला-स्तरीय नेताओं को अधिक जिम्मेदारी और अधिकार देकर कांग्रेस के जमीनी ढांचे को मजबूत करने का प्रयास करती है, बाद में इसे अन्य राज्यों में भी दोहराया जा सकता है यदि यह गुजरात में सफल हो जाती है।



पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि प्रियंका की औपचारिक भूमिका पर चर्चा के साथ-साथ, कांग्रेस संगठन के भीतर व्यापक कार्यात्मक बदलावों की भी तैयारी कर रही है। आगामी चुनावी चुनौतियों से पहले पार्टी के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आंतरिक प्रणालियों और परिचालन दक्षता में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूत्रों ने संकेत दिया कि प्रियंका गांधी वाड्रा की पदोन्नति पर अंतिम निर्णय अभी भी लंबित है, लेकिन प्रमुख संगठनात्मक पहलों में उनकी भागीदारी कांग्रेस की भविष्य की दिशा को आकार देने में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है।



## भीषण गर्मी झेलने के लिए हो जाएं तैयार!

### दिल्ली में इस दिन से चलने वाली है लू, मौसम विभाग की चेतावनी

**नई दिल्ली।**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मौसम लगातार रौद्र रूप में आता जा रहा है। तेजी से मौसम में बदलाव हो रहा है। दिल्ली में लू की चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम विभाग ने दिल्ली में 16 अप्रैल से लू चलने की संभावना व्यक्त की है। ये सिलसिला चार से पांच दिनों तक जारी रहेगा।

दिल्ली में इस दौरान तापमान का स्तर 38 डिग्री से 42 डिग्री के बीच हो सकता है। दिल्ली में लोगों की बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष गर्मी का अधिक सितम झेलना होगा। मौसम विभाग की मानें तो 15 अप्रैल को दिल्ली में तेज हवाएं चल सकती है। इस दौरान आसमान साफ रहेगा। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने का अनुमान है। वहीं इस दिन अधिकतम तापमान 38 डिग्री रह सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।


**जारी रहेगा गर्मी का सितम-** मौसम विभाग का कहना है कि 15 अप्रैल के बाद से गर्मी का स्तर लगातार बढ़ता रहेगा। 17-18 अप्रैल तक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है। आने वाले कुछ दिनों में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। वहीं 16 और 17 अप्रैल को हल्के बादल छा सकते है। मगर तापमान में कोई गिरावट नहीं होगी, जिसका स्तर 42 डिग्री सेल्सियस बना रहेगा। आगामी 18-19 तारीख को तेज हवाएं चल सकती है। दिल्ली में 19 अप्रैल के बाद तापमान में राहत मिल सकती है।

**औसत से अधिक तापमान-** मौसम विभाग की मानें तो सोमवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। ये सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री रह सकता है। अब इस सप्ताह से फिर से गर्मी का कहर देखने को मिल सकता है।

## मुझे "गद्दार" बताने वाले पोस्टर के पीछे नाथूराम गोडसे के समर्थकों का हाथ : दिग्विजय सिंह

**भोपाल।**
कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम के मुद्दे को लेकर मध्यप्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर विवादास्पद पोस्टर लगाने के पीछे महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के "समर्थकों" का हाथ है। इन पोस्टर में सिंह को "गद्दार" बताया गया था।

मध्यप्रदेश, सिंह का गृहराज्य है जहां वह 1993 से 2003 तक 10 साल तक मुख्यमंत्री रहे थे। इंदौर और राज्य के अन्य शहरों में हाल में लगाए गए विवादास्पद पोस्टर पर छपा था- "वक्फ बिल का विरोध करने वाले दिग्विजय सिंह।" पोस्टर में दिग्विजय सिंह (78) की तस्वीर पर एक सील के ठप्पे का निशान भी बनाया गया था जिस पर छपा था-"वतन के, धर्म के, पूर्वजों के गद्दार।" यहां महू नाका चौराहा पर लगाए गए ऐसे पोस्टर के नीचे "भारतीय जनता युवा मोर्चा, इंदौर महानगर" छपा था। इसके खिलाफ कांग्रेस शहर के छत्रीपुरा थाने में शिकायत कर चुकी है।



विवादास्पद पोस्टर को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर सिंह ने महू में "पीटीआई-भाषा" से कहा, "जो लोग गोडसे का समर्थन कर रहे हैं, वे मुझे गद्दार कहते हैं। असल में ये लोग गद्दार हैं।" उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, संविधान के प्रावधानों के खिलाफ है और इस कानून के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर हो चुकी है। सिंह ने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर उनके रुख को लेकर उनका विरोध सिर्फ इसलिए किया जा रहा है क्योंकि वह "महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव आम्बेडकर के अनुयायी" और "भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दुश्मन" हैं।

# विक्रमोत्सव 2025 में एमपी टूरिज्म का पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र




**भोपाल।**
विक्रमोत्सव 2025 में मध्यप्रदेश की पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक विरासत के साथ पर्यटन स्थलों के आकर्षक रूप में प्रदर्शित करता एमपी टूरिज्म पवेलियन आगंतुकों का मन लुभा रहे हैं। नई दिल्ली के लाल किला स्थित माधवदास पार्क में एक तरफ जहां सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य, पराक्रम, न्यायशीलता से आमजन महानाट्य के माध्यम से परिचित हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मध्यप्रदेश के कला-कौशल, शिल्प और पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ भी ले रहे हैं। एमपी टूरिज्म पवेलियन में प्रदेश की पारंपरिक कला और अद्भुत कारीगरी को देख आगंतुक हतप्रभ हैं। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के पवेलियन में बाबा महाकाल का होलोग्राफिक प्रदर्शन किया जा रहा है एवं प्रदेश के पर्यटक स्थलों की जानकारी दी जा रही है।

विशेष रूप से चंदेरी कॉटन सिल्क की साड़ियों का कलेक्शन महिलाओं को खूब भा रहा है। यह साड़ियां हल्की बनावट, कढ़ाई और पारंपरिक डिजाइनों के लिए पहचानी जाती हैं। इसके साथ ही, खजूर की पत्तियों से बनी टेराकोटा कलाकृतियां भी ध्यान आकर्षित कर रही हैं। यह शिल्प कुदरत और परंपरा सुंदर मेल से निर्मित है।

गोंड और भील पेंटिंग्स जनजातीय संस्कृति की अमिट छाप छोड़ रही हैं। खास तौर पर युवाओं को रंग-बिरंगे चित्र और लोककथाओं को प्रदर्शित करने का यह अनूठा तरीका खूब पसंद आ रहा है। वहीं उरांव जनजाति की पारंपरिक पेपर मैशी कला का प्रदर्शन भी यहां किया गया है। इस कला से बनी कागज और गोंद से सुंदर सजावटी वस्तुएं आगंतुक अपने घरों की शोभा बढ़ाने के लिए ले जा रहे हैं।



## सामाजिक व्यवस्था में सैनी समाज की भूमिका उल्लेखनीय : मंत्री कुशवाह

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह गुरूग्राम (हरियाणा) में ऑल इंडिया सैनी समाज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जाग्रति महा सम्मेलन में शामिल हुए। महा सम्मेलन का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले के जयंती के उपलक्ष में किया गया। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि देश की सामाजिक व्यवस्था में सैनी समाज की भूमिका उल्लेखनीय है।

महा सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, बिहार के उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य तथा महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री छगन भुजबलसहित सैनी समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।



## मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मंत्रालय में हुआ तीन दिवसीय 'ध्यान सत्र' संपन्न


**भोपाल।**
मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मंत्रालय (वल्लभ भवन) में तीन दिवसीय (12 से 14 अप्रैल) 'ध्यान सत्र' का प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ।

हार्टफुलनेस टीम ने पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं मानसिक लाभ के लिए विभिन्न उपायों से अवगत कराया। यह भी बताया कि ध्यान को अपने जीवन का अमूल्य हिस्सा बनाएं, जिससे खुद भी स्वस्थ रहे एवं अपने परिवार को भी निरोगी रख सकें। इस दौरान हार्टफुलनेस टीम द्वारा विभिन्न ऑडियो-वीडियो विजुअल एवं प्रैक्टिकल सेशंस लिए गए। 'ध्यान सत्र' का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को दैनिक जीवनचर्या में मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आंतरिक संतुलन प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना था।

इस अवसर पर मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री अविनाश शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) एवं संस्थान के मास्टर ट्रेनर श्री प्रभाकर दास, श्रीमती संगीता दास, श्री अरविन्द एवं डॉ. नीत सहित वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेयजल संकट से निपटने के लिए नलकूप खनन के वेंडर बढ़ाये जाएंगे : स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह

**भोपाल :** स्कूल शिक्षा, परिवहन एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए, ऐसी व्यवस्था करें कि जिले में कहीं पर भी पानी का संकट न हो। उन्होंने कहा कि जिले में नलकूप खनन के साथ ही मोटर पम्प और राइजिंग पाइप सहित सभी व्यवस्थाएं तैयार रखें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वें वित्त से भी पेयजल के संबंध में व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नलकूप खनन के वेंडर की वर्तमान संख्या पर्याप्त नहीं है इसे बढ़ाया जाये। प्रभारी मंत्री श्री सिंह शनिवार को बालाघाट जिले के मलाजखंड में पेयजल व्यवस्था संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में वर्तमान जल संकट सहित कई विषयों पर चर्चा हुई।



प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पेयजल, बिजली और जल संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले 2 माह तक इन कार्यों पर लगकर कार्य करना आवश्यक है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने किसानों को धान के साथ मक्का की फसल लेने की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिजली की 30 वर्षों की मांग को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार की जाये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पीएम आवास सहित आम नागरिकों के लिए रेत की व्यवस्था सुगमता से होनी चाहिए।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने मलाजखंड नगर परिषद में बनाई गई लायब्रेरी का अवलोकन कर प्रयासों की सराहना की। प्रभारी मंत्री श्री सिंह को अवगत कराया कि नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लायब्रेरी स्थापित करने के प्रयासों जारी है। उन्होंने पीएम आवास हितग्राही श्री दलम सिंह के घर चाय और कोदो कुटकी का स्वादलिया।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने 285 नवदंपति के सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक नवदंपति को 49-49 हजार रूपये के चैक प्रदान किये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब हर विधानसभा क्षेत्र में हेलीपेड तैयार किया जायेगा। आपात स्थिति में ग्रामीणों के उपचार के लिये एयर लिफ्ट कर देश के बड़े अस्पतालों में उपचार कराया जायेगा।

# प्रदेश में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तहत 25 दुधारू पशुओं की इकाईयां स्थापित की जाएंगी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की सौगात दी है। देश में दूध, दुग्ध उत्पादों की बढ़ती मांग, उनकी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमिता विकास कार्यक्रम की स्थापना होनी है। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तहत 25 दुधारू पशुओं की इकाईयां स्थापित की जाएंगी। एक इकाई में सारे गौवंश या सारे भैंसवंश होंगे। एक इकाई की सारी गाय-भैंस एक ही प्रजाति की होंगी। सरकार ने एक इकाई की अधिकतम सीमा राशि 42 लाख रुपये निर्धारित की है। इस योजना में भाग लेने वालों के लिए मध्यप्रदेश का निवासी होना जरूरी है। योजना सभी वर्गों के पशुपालकों के लिए होगी। इसमें पशुपालक की उम्र 21 साल से ऊपर होना जरूरी है। उन्हें अनुभव के लिए सरकारी या सरकार नामित संस्था से डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण भी लेना होगा। इस प्रशिक्षण के लिए सरकार अलग से निर्देश जारी करेगी। इस योजना के हितग्राहियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हितग्राही के पास हर ईकाई के लिए कम के सम 3.50 एकड़ कृषि भूमि होनी जरूरी है। इस भूमि में परिवार की सामूहिक जमीन का भी उपयोग किया जा सकता है। लेकिन, इसके लिए अन्य सदस्यों की सहमति आवश्यक होगी।



# मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता की रक्षा का संकल्प युगों-युगों से हमारी संस्कृति से जुड़ा



इंदौर।

इंदौर के समीप महू के आशापुर गांव में नगर निगम गौशाला का निर्माण कर रहा है। इसका भूमिपूजन मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गौमाता अपने बच्चों को तो पालती है। इंसान का भी ध्यान रखती है। गौमाता का अमृततुल्य दूध पीकर हम बड़े होते है। हमारी संस्कृति में पहली रोटी गौमाता के लिए रखी जाती है। आखरी रोटी कुत्ते के लिए बनाई जाती है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति से जुड़ने के नियम बनाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता की रक्षा का संकल्प युगों-युगों से हमारी संस्कृति से जुड़ा है। पहले माना जाता था कि भारत में दूध-दही की नदियां बहती है। खेती-बाड़ी में गौमाता की पहले काफी मदद ली जाती थी, लेकिन बाद में ट्रैक्टर, नए उपकरणों का उपयोग किया जाने लगा। इसकी मार हमारी गौमाता पर पड़ी। जाने-अंजाने हमसे गलतियां भी हुई, लेकिन हमे वापस ध्यान में आ गया कि रासायनिक खाद के उपयोग से नुकसान हो रहा है। जैविक खाद से किसान की लागत भी कम हो रही है और पौष्टिक अन्न का उत्पादन हो रहा है। हमने संकल्प लिया है कि गौमाता को लावारिस नहीं रहने दिया जाएगा। सभी नगर निगम को बड़ी गौशालाएं बनाने के लिए कहा गया है। इसके लिए राज्य सरकार भी मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि हमारा देश भगवान राम और कृष्ण की धरती है। देश की पहचान उनसे भी होती है। प्रदेश में जहां भी राम और कृष्ण की लीलाएं हुई है। उसे हम तीर्थ बनाएंगे। महू के जाना पाव को भी तीर्थ स्थल का रुप दिया जाएगा।

मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि सवा सौ बीघा में गौशाला तैयार की जा रही है। हम इस गौशाला को आत्मनिर्भर बनाएंगे। यहां दस हजार गौवंश के रहने की व्यवस्था की जाएगी। एक साल के भीतर यह गौशाला बनकर तैयार हो जाएगी।



# 'हिन्दी योद्धा : डॉ. वेदप्रताप वैदिक' पुस्तक लोकार्पित

इन्दौर।

शहर में पत्रकारों की पुरातन संस्था इन्दौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इन्दौर मीडिया कॉनक्लेव में बुधवार को राजेन्द्र माथुर स्मृति व्याख्यान के दौरान डॉ. अर्पण जैन अविचल द्वारा लिखी पुस्तक हिन्दी योद्धा : डॉ. वेदप्रताप वैदिक का लोकार्पण मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार पी. साईनाथ, इन्दौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इन्दौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी, पद्मश्री जनक पलटा, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, प्रेस क्लब महासचिव हेमंत शर्मा, समाजसेवी अजय चौरडिय़ा व वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा द्वारा किया गया।

डॉ. वेदप्रताप वैदिक के परिचय पर एकाग्र देश की पहली पुस्तक है। अब तक डॉ. वैदिक के अवदान और उनके कार्यों पर कोई पुस्तक नहीं लिखी गई। डॉ. अर्पण जैन अब तक 15 से अधिक किताबें लिख चुके हैं और उन्हें साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश शासन द्वारा अखिल भारतीय नारद मुनि पुरस्कार व जम्मू कश्मीर साहित्य एवं कला अकादमी द्वारा अक्षर सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर सैंकड़ों पत्रकार, साहित्यकार और विद्यार्थी इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन संजय पटेल व आभार प्रेस क्लब उपाध्यक्ष दीपक कर्दम ने माना।

## इंदौर में साइलेंट अटैक से 18 वर्षीय आइआइटी छात्र की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुराहाल



**इंदौर।** एक और नवयुवक का दिल दगा दे गया। इंदौर में महज 18 वर्षीय आइआइटी छात्र की साइलेंट अटैक से मौत हो गई। शहर के आनंद नगर निवासी पीयूष शौर्य की शुक्रवार रात घर पर अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन के अनुसार पीयूष के सीने में दर्द हुआ था। उसको पसीना आने लगा। उसको तुरंत ही एक अस्पताल में ले गए। डॉक्टरों ने जांच कर उसको मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने साइलेंस अटैक से मृत्यु की बात कही।

**इंदौर में रहकर पढ़ रहा था पीयूष-**मुरैना जिले का निवासी मृतक पीयूष पढ़ाई के सिलसिले में अपने भाई प्रियांशु और आनंद के साथ इंदौर में रह रहा था। बता दें कि इससे पहले भी कई युवाओं की अटैक से मौत के मामले सामने आ चुके हैं। बेहद कम उम्र में युवाओं का दिल जवाब देने से डॉक्टर भी हैरान हैं।

# शहर की हवा में घुलता जहर

## वाहनों का धुआं और उड़ती धूल बना संकट



**बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे अधिक खतरे में, प्रदूषण डब्ल्यूएचओ मानकों से कई गुना ज्यादा**

**इन्दौर।** इंदौर की हवा दिनों-दिन जहरीली होती जा रही है। वाहनों से निकलते धुएं, सड़क की धूल और पराली जलाने जैसी गतिविधियों के कारण वायु प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) बीते दिनों 250 के पार पहुंच गया। वहीं, 9 अप्रैल को यह 236 दर्ज किया गया था। तापमान बढने के साथ प्रदूषण स्तर भी तेजी से चढ़ रहा है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एक्यूआई 158 और रविवार को 147 रहा। पीएम-10 और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे खतरनाक तत्वों की मात्रा भी बढ़ी है। विशेषज्ञों का कहना है कि एक्यूआई 100 के ऊपर होते ही स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों पर इसका प्रभाव सबसे गंभीर है आईआईटी इंदौर की स्टडी के अनुसार, मध्य प्रदेश में लोग साल में 70 से 80 दिन अत्यधिक प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। यह पहले 15 से 25 दिन हुआ करता था। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में पीएम 2.5 का औसत वार्षिक स्तर 40-45 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है, जबकि कुछ दिनों में यह 250 तक पहुंच जाता है।

प्रो. सुहास जोशी ने बताया कि मप्र में प्रदूषण स्तर डब्ल्यूएचओ मानकों से 8-9 गुना ज्यादा है। वहीं, प्रो. मनीष गोयल की मानें तो महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, खासकर घरेलू ठोस ईंधन से उत्पन्न धुएं के कारण। पीएम 2.5 कण शरीर में घुसकर गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं, जिससे कोई प्राकृतिक सुरक्षा नहीं है।

# नगर निगम अब चंदन नगर से कालानी नगर के बीच बनेगी 60 फीट रोड, 150 से ज्यादा निर्माण हटेंगे



इंदौर।

40 वर्ष से अधूरी पड़ी पश्चिम रिंग रोड छोड़कर नगर निगम अब चंदन नगर को एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए लिंक रोड बनाने जा रहा है। यह लिंक रोड 60 फीट चौड़ी होगी। इसके तैयार होने के बाद एयरपोर्ट रोड पर यातायात दबाव कम करने में मदद मिलेगी। फिलहाल भारी वाहन बड़ा गणपति क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। दरअसल मास्टर प्लान में पश्चिम रिंग रोड की चौड़ाई 60 मीटर (200 फीट) है, लेकिन पिछले 40 वर्ष में इस क्षेत्र में इतनी सघन बसाहट हो गई है कि इतनी चौड़ी सड़क बनाना संभव ही नहीं है।

यही वजह है कि नगर निगम ने चंदन नगर लिंक रोड बनाने का निर्णय लिया है। लिंक रोड चंदन नगर से नंदन नगर, नगीन नगर होते हुए कालानी नगर पर मिलेगी। सड़क की लागत लगभग 25 करोड़ रुपये होगी। इसकी जद में 150 से ज्यादा निर्माण आएंगे। इनमें से 100 से ज्यादा पूरे टूटेंगे जबकि शेष का कुछ हिस्सा तोड़ा जाएगा। नगर निगम ने वर्ष 2025-26 के बजट में इस सड़क को स्वीकृति भी दी है। वर्तमान में कालानी नगर से विजयश्री नगर ब्रिज तक 60 फीट चौड़ाई में सड़क बनकर तैयार है। इसके आगे चंदन नगर तक कहीं 25 तो कहीं 30 फीट सड़क है। नगर निगम बाधक हिस्से हटाकर 60 फीट चौड़ी लिंक रोड बनाएगा।

## जन्मदिन पर पिस्टल से मोमबत्ती बुझाने वाली युवती ने माफी मांगी



इंदौर।

एक युवती ने सात साल पहले अपने जन्मदिन पर केक की मोमबत्ती बुझाने के लिए पिस्टल चलाई थी, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस मामले की जांच करने पर पुलिस ने पाया कि वीडियो अपराजिता नाम की युवती का है, जो बेंगलुरू में सीएमओ है। वीडियो में वह गोली चलाकर मोमबत्ती बुझा रही थी। पुलिस ने माफी मांगने के लिए युवती को बुलाया, जिसके बाद उसने माफीनामा भेजा। डीसीपी के अनुसार, घटना गंभीर है और पिस्टल का लाइसेंस किसके नाम है, इसकी जांच जारी है। अपराजिता ने बताया कि वह सात साल पहले पढ़ाई के लिए इंदौर आई थी।

# रिंग रोड के लिए जमीन का किसानों को नई गाइडलाइन का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा

**इन्दौर।**

प्रशासन और किसानों के बीच मुआवजे को लेकर सहमति बनने के बाद पश्चिमी रिंग रोड में आने वाली निजी जमीन का सर्वे कार्य शुरू किया गया है। सबसे पहले हातोद तहसील में शुरू हुआ सर्वे का काम गुरुवार को पूरा हो गया। तीन दिनों में तहसील के 12 गांवों की 164.8870 हेक्टेयर निजी जमीनों का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।

अब देपालपुर और सांवेर तहसील के 14 गांवों की 307.1829 हेक्टेयर जमीन का सर्वे कार्य किया जाएगा। इंदौर जिला प्रशासन और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के द्वारा पश्चिम रिंग रोड बनाने के लिए सर्वे का काम शुरू किया गया है। शिप्रा से पीथमपुर नेट्रेक्स तक बनने वाली 64 किमी लंबी पश्चिमी रिंग रोड में अब किसानों को नई गाइडलाइन का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा। इस पर सहमति बनने के बाद सर्वे हो रहा है।

**हातोद के गांवों से गुजरेगी सड़क-**मंगलवार से हातोद तहसील में सर्वे शुरू किया गया था। सड़क में आने वाली 158.1178 हेक्टेयर और



6.7692 हेक्टेयर अतिरिक्त निजी जमीन का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया। हातोद तहसील के 12 गांवों की 174.3415 हेक्टेयर जमीन से सड़क गुजर रही है।

इसमें 164.8870 हेक्टेयर निजी और 9.4545 हेक्टेयर शासकीय जमीन है। शासकीय जमीन का सर्वे पहले पूरा हो चुका है। अब एनएचएआई के भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकारी (सीएएलए) द्वारा निजी जमीनों का सर्वे किया जा रहा है।

**472 हेक्टेयर निजी जमीन का होगा सर्वे-**पश्चिम रिंग रोड इंदौर जिले की तीन तहसीलों की 570.5678 हेक्टेयर जमीन से गुजर रहा है। इसमें 472.0699 हेक्टेयर निजी और 98.1829 शासकीय जमीन आ रही है। एक साल से निजी जमीन के सर्वे का काम रुका हुआ था, लेकिन अब सर्वे किया जा रहा है।

**998 किसानों की जमीनें-**पश्चिमी रिंग रोड तीन तहसील के 26 गांवों से गुजर रही है। इन गांवों के 998 किसानों की जमीनें सड़क में आ रही हैं। इसमें 864 किसानों की जमीन मुख्य सड़क और 134 किसानों की जमीन अतिरिक्त सड़क के लिए अधिग्रहित की जानी है। सबसे अधिक 512 किसान सांवेर तहसील के हैं। वहीं 333 हातोद और 153 किसान देपालपुर तहसील के हैं।

**सर्वे का काम पूरा किया गया-**हातोद तहसील में सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। तीन दिन में 12 गांवों की सैकड़ों हेक्टेयर जमीन के सर्वे का काम पूरा किया गया। सर्वे के दौरान राजस्व विभाग और एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

**-रवि वर्मा, एसडीईएम हातोद**

## मेट्रो का पहला चरण गांधी नगर स्टेशन से लेकर सुपर कॉरिडोर के स्टेशन नंबर 3 तक होगा




**इंदौर।**

इंदौर मेट्रो को लेकर यात्रियों का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है। एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो के कमर्शियल रन की पूरी तैयारी कर ली है। प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चलाया जाएगा। पहले हफ्ते में यात्री बिलकुल फ्री सफर कर सकेंगे, जबकि अगले तीन हफ्तों तक छूट के साथ टिकट मिलेगा।

गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर तीन तक दोनों दिशाओं से मेट्रो 50 फेरे लगाएगी। इसका संचालन सुबह आठ से रात आठ बजे तक किया जाएगा। मेट्रो में पहले सप्ताह निशुल्क यात्रा कर सकेंगे। हालांकि अभी तक संचालन की तारीख तय नहीं हुई है। प्रधानमंत्री कार्यालय से पीएम द्वारा मेट्रो के शुभारंभ की तारीख तय होना बाकी है।

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल निगम लिमिटेड ने रविवार को इंदौर में मेट्रो का किराया तय कर दिया। यह किराया सभी 28 स्टेशनों के लिए तय किया गया है, लेकिन शुरुआत में 5.9 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ही मेट्रो का संचालन किया जाएगा।

प्रायोरिटी कॉरिडोर पर इसका न्यूनतम किराया 20 रुपये और अधिकतम किराया 30 रुपये रहेगा। यह किराया मेट्रो का संचालन शुरू होने के साथ ही लागू होगा। पहले सप्ताह लोग निश्शुल्क मेट्रो की यात्रा का लुफ्त उठा सकेंगे। इसके बाद धीरे-धीरे टिकट दर लागू होगी और यात्री अलग-अलग छूट के साथ तीन माह तक यात्रा कर सकेंगे।

**प्रत्येक 30 मिनट में मिलेगी मेट्रो-**प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सुबह आठ से रात आठ बजे तक मेट्रो चलेगी। प्रत्येक 30 मिनट में मेट्रो का संचालन किया जाएगा। गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर के स्टेशन नंबर तीन तक 25 फेरे और स्टेशन नंबर तीन से गांधी नगर तक 25 फेरे लगाएगी। शुरुआत में मेट्रो के तीन से चार कोच सेट चलाए जाएंगे।

एक कोच सेट में तीन मेट्रो कोच (डिब्बे) होते हैं। प्रायोरिटी कॉरिडोर तक लोगों को पहुंचाने के लिए मप्र मेट्रो रेल निगम लि. एआईसीटीएसएल की बसों का संचालन करने पर विचार कर रहा है। सिटी बस का किराया यात्रियों को अलग से देना होगा, जो एआईसीटीएसएल तय करेगा।

**ऐसे समझें-**यदि कोई यात्री अपने प्रारंभिक स्टेशन से लेकर अगले दो स्टेशन की यात्रा करता है तो उसे 20 रुपये किराया लगेगा, लेकिन यदि उसे अपने प्रारंभिक स्टेशन से लेकर अगले तीन से पांच स्टेशन तक की यात्रा करना है तो किराया 30 रुपये देना होगा।



## डकैती से पहले ही छह बदमाश हथियार व मिर्च पाउडर सहित पकड़े गए

**इन्दौर।**

खजराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप में डकैती की योजना बना रहे छह बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को रात में सूचना मिली थी कि स्टार चौराहा क्षेत्र में कुछ हथियारबंद बदमाश पेट्रोल पंप पर हमला कर डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन मंडलोई के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया गया। जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी की, बदमाश भागने लगे लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। आरोपियों के पास से देसी रिवॉल्वर, जिंदा कारतूस, सब्बल, चाकू, कुल्हाड़ी, मिर्च पाउडर व डंडा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों में नासीर खान, अली हुसैन, जितेंद्र चौधरी, यासीन कुरैशी, मतीन शेख और अब्दुल रहमान शामिल हैं। पूछताछ में उन्होंने जल्दी पैसा कमाने के लिए डकैती की योजना स्वीकार की। घायल बदमाशों का इलाज कराया गया। कार्रवाई में थाना खजराना की पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## डिजिटल सुरक्षा पर विशेष सत्र तकनीक से दोस्ती करें, लेकिन समझदारी से

**इंदौर।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए डीपीएस स्कूल, निपानिया कैंपस में साइबर पाठशाला का आयोजन किया गया। यह सत्र पुलिस कमिश्नरेट के साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत अति. पुलिस उपायुक्त (क्राइम) राजेश दंडोतिया और उनकी टीम द्वारा आयोजित किया





गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया। दंडोतिया ने छात्रों को बताया कि इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने फाइनेंशियल फ्राड, सोशल मीडिया पर ठगी और ऑनलाइन गेमिंग के खतरों से जुड़ी जानकारी भी दी।

छात्रों को समझाया गया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर वे 1930 हेल्पलाइन नंबर, 222 या इंदौर साइबर हेल्पलाइन 7049124445 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

# CRIME

## सरिये से किया हमला

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने बताया कि सांवेर रोड पर रहने वाले अजय तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई कि चैनसिंह ने उसका रास्ता रोका और पुरानी बात को लेकर नया विवाद करते हुए गालीगलौच करने लगा, ज़ब उसे गाली देने से मना किया तो चैनसिंह ने लोहे का सरिया पीठ पर दे मारा जिससे वह घायल हो गया। फरियादी ने बताया कि चैनसिंह के साथ सचिन ने भी उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर सचिन व चैनसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## महिला से झूमाझटकी

**इंदौर।** सिमरोल पुलिस ने बताया कि कलाबाई ने शिकायत दर्ज कराई कि कान्हा उर्फ मुकेश ने उसका रास्ता रोका और राजीनामे को लेकर दबाव बनाने लगा और गाली देने लगा, जब महिला ने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने उनके साथ झूमाझटकी की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## शराबियों में मारपीट

**इंदौर।** भंवरकुआं पुलिस ने बताया कि पिपलियाराव राधाकृष्ण मंदिर के पास रहने वाले दिनेश पिता मांगीलाल कौशल ने शिकायत दर्ज कराई कि मुझे शिव पिता प्रेम बंजारा मिला जो मुझे अपने भतीजे को तलाश करने के लिए ले गया। वापसी में तीन इमली ज़ूपीटर अस्पताल के सामने हम दोनों ने शराब पी तभी आपस में बहसबाजी हुई तो शिव ने उसके साथ मारपीट की और पटक दिया जिससे उसके सिर पर चोट आई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## बच्चों से मारपीट, महिला को भी पीटा

**इंदौर।** विजयनगर पुलिस ने बताया कि अंजनी नगर बड़ी भमोरी में रहने वाली अमृता कोष्टा ने शिकायत दर्ज कराई कि गली में बच्चे खेल रहे थे तो पास ही रहने वाले सूरज गौरी और कमलेश गौरी आए और मेरे बेटे आयुष से मारपीट की तो मैं बाहर आई तो अनिता गौरी, कमलेश गौरी, सूरज गौरी व दिनेश गौरी ने विवाद किया और गालीगलौच करने लगे, जब उन्हें गाली देने से मना किया तो सभी ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अनिता, कमलेश, सूरज, दिनेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## होटल में ठहरे संदिग्ध युवकों से पिस्टल-कारतूस बरामद

**इंदौर।** हथियार लेकर वारदात की नीयत से घूमते बदमाशों की धरपकड़ में लगी पुलिस ने चौंकाने वाली कार्रवाई की। होटल में ठहरे दो बदमाशों की चेकिंग की तो उनके पास से देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस के साथ चेकबुक और डेबिट कार्ड जब्त किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि गंगवाल बस स्टैंड के पास स्थित रिद्धि सिद्धि होटल के रूम नंबर 202 में दो संदिग्ध युवक रुके हुए हैं। मुखबीर की सूचना पर यहां से अमित कुमार भोई, निवासी- वडोदरा, गोलू उर्फ शिवम सिंगोड़ीया, निवासी- गांधी पैलेस को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी शिवम ने बताया कि ये हथियार सिकलीगरों से खरीदकर लाया था। आरोपी अमित ने पूछताछ में उसके बैंक खाते में ऑनलाइन फ्राड के विभिन्न ट्रांजेक्शन करना बताया।

# अनुगूंज कार्यक्रम 2023 में भ्रष्टाचार पर एक्शन की तैयारी में ईडी

### कई वर्षों के दस्तावेज जांचने पर सामने आ सकता है बड़ा मामला




**इंदौर।**

अनुगूंज कार्यक्रम 2023 में शिक्षा विभाग की कमेटी सदस्यों द्वारा किए गए लाखों रुपए के भ्रष्टाचार का मामला सामने आने के बाद अब ईडी भी एक्शन की तैयारी में है। सूत्र बताते हैं कि मामले में शिकायत मिलते ही प्रवर्तन निदेशालय अर्थात ईडी के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। शिकायतकर्ता ने शिकायत से संबंधित साक्ष्य और दस्तावेज भी संलग्न किए हैं, जिनसे शिकायत को और अधिक बल मिलता है।

जानकारी अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा संचालित किए जाने वाले अनुगूंज कार्यक्रम 2023 को लेकर शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कार्यक्रम में संचालन कमेटी द्वारा की गई विभिन्न अनियमितताओं को लेकर बिंदुवार शिकायत की गई है। शिकायत में करीब एक दर्जन बिंदुओं का उल्लेख करते हुए विभिन्न अनियमितताओं के प्रमाण प्रस्तुत किए गए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह सभी दस्तावेज सर्टिफाइड हैं, इसलिए किसी प्रकार की शंका-कुशंका का सामने आने का कोई कारण ही नहीं है। इसके बाद ईडी अधिकारी लगातार मामले में छानबीन कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि मामले में जल्द ही एक्शन लिए जाने की भी संभावना जताई जा रही है।

**फर्जी बिल लगाए जाने का किया उल्लेख**-शिकायतकर्ता ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम में जो बिल प्रस्तुत किए गए हैं उनमें अधिकांश फर्जी प्रतीत होते हैं। साथ ही जिन मुख्य बिंदुओं के आधार पर शिकायत की गई है उनमें संचालन कमेटी की दो महिला अधिकारी भी है। इन्हीं अधिकारियों के खिलाफ खासतौर पर कार्रवाई की मांग की गई है। संचालन कमेटी के अन्य सदस्यों पर भी कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता द्वारा यह भी बताया गया है कि यदि विगत कुछ वर्षों की अनुगूंज कार्यक्रम में दस्तावेजों की जांच की जाए तो और भी मामले सामने आएंगे।



## 2.68 करोड़ की ठगी, सगे भाई-बहन गिरफ्तार

### मेट्रोमोनियल साइट पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर एनआरआई को लिया झांसे में

**इन्दौर।**

इंदौर क्राइम ब्रांच ने अमेरिका में रहने वाले एनआरआई से करोड़ों की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सगे भाई-बहन हैं। आरोपी विशाल जेसवानी को अहमदाबाद और उसकी बहन सिमरन जेसवानी को इंदौर से पकड़ा गया है। दोनों ने मेट्रोमोनियल वेबसाइट पर एक इंस्टाग्राम मॉडल के फोटोज का इस्तेमाल कर फर्जी प्रोफाइल बनाकर यह ठगी की।

पीडित् वेंकट कालगा, जो मूलतः आंध्र प्रदेश के निवासी हैं और वर्तमान में अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में नौकरी करते हैं,ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने भारत की एक मेट्रोमोनियल साइट पर एक लड़की की प्रोफाइल देखी थी, जिससे बातचीत शुरू हुई। प्रोफाइल पर लड़की ने खुद को बरखा जैसबानी बताया था। व्हाट्सएप चैट और कॉल के जरिए विश्वास जीतकर आरोपी सिमरन और उसके भाई विशाल ने पीडित् से अलग-अलग बहानों जैसे बीमारी,अमेरिका आने का खर्च और पारिवारिक संकट के नाम पर अप्रैल 2023 से जून 2024 के बीच 2 करोड़ 68 लाख से ज्यादा की राशि अपने खातों और रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर करवा ली।



## आबकारी विभाग की कार्रवाई, अवैध शराब और वाहन जब्त

**इन्दौर।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग ने नाकाबंदी के दौरान 57.78 बल्क लीटर अवैध मदिरा और एक दोपहिया वाहन जब्त किया। आरोपी प्रदीप जाधव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उसके पास से बरामद मदिरा की कीमत 75,000 और वाहन की कीमत 70,000 है, कुल मिलाकर 1,45,000 की सामग्री जब्त की गई। आरोपी लंबे समय से अवैध शराब के परिवहन में संलिप्त रहा है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# यश टेक्नोलॉजी के कर्मचारी बने इंदौर पुलिस की साइबर पाठशाला के स्टूडेंट्स



### साइबर अपराधों से बचाव और शिकायत की प्रक्रिया की मिली जानकारी, सतर्क रहने का लिया संकल्प

**इंदौर।**

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अति. पुलिस उपायुक्त (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने यश टेक्नोलॉजी प्रा.लि. में 300 से अधिक कर्मचारियों को साइबर फ्राड, फाइनेंशियल फ्राड और सोशल मीडिया अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए हेल्पलाइन 1930, पोर्टल 222 और इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 का उपयोग कैसे करें, इसकी प्रैक्टिकल जानकारी दी। दंडोतिया ने कहा कि टेक्नोलॉजी जितनी तेजी से बढ़ रही है, खतरे भी उतने ही बढ़ रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों ने साइबर अपराधों से बचाव की इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## वृद्धा से आभूषण ठगी, आरोपी फरार

**इंदौर।** तीन बदमाशों ने सरेराह 62 वर्षीय वृद्धा गीता प्रजापत से ठगी की। हाट बाजार से सब्जी खरीदने जा रही गीता को अग्रसेन चौराहा पर रोककर, एक युवक ने खाना खाने के लिए पैसे मांगे। फिर एक महिला ने उसका ध्यान भटकाकर, उसे झूमके और सोने का मंगलसूत्र देने का बहाना बनाया। वृद्धा को फरार होने से पहले नोटों की गड्डियां दी गईं, जिन्हें घर जाकर गिनने पर कागज के टुकड़े निकले। भंवरकुआं पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

# भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा बोले 'कोई भी हो, कार्रवाई होगी', विधायक गोलू शुक्ला के बेटे के मामले

**इंदौर।**

इंदौर से बीजेपी विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष शुक्ला के विवादास्पद मामले में मध्य प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सख्त रुख अपनाया है. शर्मा ने कहा, 'कोई भी हो, चाहे किसी का बेटा हो, उसे ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है. प्रशासन मामले की जाँच कर रहा है, और जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई होगी।'

यह घटना चार दिन पहले की है, जब रुद्राक्ष शुक्ला अपने समर्थकों और दोस्तों के साथ देर रात करीब 12:45 बजे देवास की चामुंडा माता टेकरी पर स्थित मंदिर पहुंचा. उसने पुजारी उपदेश नाथ से रात में मंदिर के कपाट खोलने की मांग की. पुजारी ने मंदिर के नियमों का हवाला देकर इनकार कर दिया, जिसके बाद रुद्राक्ष के साथी जितेंद्र रघुवंशी ने कथित तौर पर पुजारी के साथ गाली-गलौज और मारपीट का।



पुजारी के बेटे की शिकायत पर देवास पुलिस ने जितेंद्र रघुवंशी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इस बीच, पुजारी उपदेश नाथ ने एक वीडियो बयान में दावा किया कि शिकायत दर्ज करने के बाद उन्हें इसे वापस लेने के लिए धमकी भरे फोन आए, लेकिन उन्होंने समझौता करने से इनकार कर दिया।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें कुछ एसयूवी गाड़ियां, जिनमें से कुछ पर लाल बत्ती लगी थी, मंदिर परिसर में प्रवेश करती दिख रही हैं. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया, ''बीजेपी नेताओं के परिवारों में सत्ता का अहंकार पनप गया है. इंदौर विधायक गोलू शुक्ला के बेटे ने लाल बत्ती वाली गाड़ियों के काफिले के साथ मंदिर पहुंचकर पुजारी की पिटाई की, क्योंकि वह बंद मंदिर का दरवाजा नहीं खोल रहा था।''

प्रदेश कांग्रेस मीडिया सेल प्रमुख मुकेश नायक ने कहा, ''खुद को धर्म और संस्कृति का ठेकेदार बताने वाली बीजेपी इस घटना में पूरी तरह बेनकाब हो गई है. गोलू शुक्ला के बेटे ने शनिवार रात 12:40 बजे माँ चामुंडा मंदिर में गुंडागर्दी की, पुजारी की पिटाई की, और बीजेपी चुप रही. यह सत्ता के अहंकार और बीजेपी की धर्म के प्रति झूठी भक्ति का घिनौना चेहरा है।''

कांग्रेस के आरोपों पर प्रदेश बीजेपी प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने जवाब दिया, 'इस घटना में विधायक गोलू शुक्ला या उनके बेटे की कोई संलिप्तता नहीं है. पुलिस ने दोषियों के खिलाफ पहले ही मामला दर्ज कर लिया है. सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगा।'

इससे पहले, देवास एसपी दिनेश अग्रवाल ने बताया कि समूह के सदस्यों ने पुजारी से गेट खोलने को कहा, और इनकार करने पर उनके साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार और मारपीट की. उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज की गई है और लगभग 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है. यह पूछे जाने पर कि क्या बीजेपी विधायक के बेटे ने समूह का नेतृत्व किया था, अग्रवाल ने कहा कि मामले की जांच जारी है.

## पेड़ों की कटाई को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, एक मंच पर आए राजनीतिक दल, शहर की बड़ी संस्थाएं भी पहुंची

**इंदौर।**

इंदौर में पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ों की कटाई के विरोध में ज़ोरदार प्रदर्शन किया। रीगल चौराहे पर हज़ारों लोगों ने मानव श्रंखला बनाकर सरकार को चेतावनी दी। शहर की प्रमुख संस्थाएं और राजनीतिक दल इस विरोध में शामिल हुए।

इंदौर के पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ों की कटाई के विरोध में बड़ा प्रदर्शन किया। रीगल चौराहे पर बनाई गई मानव श्रंखला में शहर के राजनीतिक दलों ने भी एकजुटता दिखाई। इंदौर की बड़ी संस्थाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और शहर के प्रबुद्धजन शामिल हुए। सभी ने एक सुर में कहा कि पेड़ों की कटाई को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूरा शहर भट्टी की तरह तप रहा है, तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। बारिश के दिन कम हो रहे हैं और भूमिगत जल खत्म हो रहा है। प्रदूषण में पूरा शहर घिरा हुआ है। इन सभी बातों से परेशान लोगों ने आज मानव श्रंखला बनाकर सरकार को सीधे चेतावनी दी कि यदि अब पेड़ों की कटाई की गई तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।



आयोजन में जनहित पार्टी, कांग्रेस, आप, कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सेवा सुरभि, अभ्यास मंडल, इंदौर इनिशिएटिव, मालव मंथन, यूथ होस्टल, बस्ती फाउंडेशन, जीवन प्रवाह समेत कई संस्थाएं पहुंचीं।

**हुकुमचंद मिल के प्रोजेक्ट को रोकने की मांग**-जनहित पार्टी के संस्थापक अभय जैन ने कहा कि हुकुमचंद मिल में प्राकृतिक वन है और पांच हजार से अधिक प्राचीन वृक्ष और सैकड़ों पशु पक्षी हैं। वहां पर किसी तरह का कोई प्रोजेक्ट नहीं आना चाहिए। जो भी प्रोजेक्ट लाया जा रहा है उसे तुरंत निरस्त करें वरना बड़े जन आंदोलन के लिए तैयार रहें। कांग्रेस के राहुल निहोरे ने कहा कि सरकार जनता को जीने के लिए शुद्ध हवा, पानी भी नहीं दे रही। जनता की सांसे भी छीन रही है। जनता जाग रही है और अब यह सहन नहीं करेगी।

**पद्मश्री पलटा और मोंढे ने कहा बस बहुत हुआ**-पद्मश्री जनक पलटा और पद्मश्री भालू मोंढे ने कहा कि इंदौर को बचाने के लिए प्रकृति की रक्षा करना ही सर्वोपरी है। अब शहर में एक भी पेड़ कटा तो उसकी भरपाई नहीं हो सकती।

**बुद्धिजीवी बोले यह शहर की बर्बादी की शुरुआत**-एसएल गर्ग, डीके वाघेला, ओपी जोशी, अशोक गोलाने, अजय लागू, संदीप खानवलकर, प्रमोद नामदेव, चंद्रशेखर गवली, उज्जवल स्वामी और अखिलेश जैन समेत कई बुद्धिजीवी भी शामिल हुए। सभी ने कहा कि यह शहर की बर्बादी की शुरुआत है। इसी तरह चलता रहा तो इंदौर में जीवन दूभर हो जाएगा।




## 223 अनाथ बच्चे बाल आशीर्वाद योजना से वंचित

### केवाईसी न होने से नहीं मिली राशि, सरकार को लौटाना पड़ा एक करोड़

**इंदौर।** इंदौर जिले के 223 अनाथ बच्चे सरकार की बाल आशीर्वाद योजना से वंचित रह गए हैं। इस योजना के तहत पात्र बच्चों के खातों में प्रतिमाह 4000 की राशि भेजी जाती है। हालांकि, इन बच्चों के बैंक खातों में केवाईसी प्रक्रिया पूरी न होने के कारण राशि ट्रांसफर नहीं हो सकी।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना में इंदौर जिले के कुल 1173 बच्चों को शामिल किया गया था। लेकिन इनमें से 223 बच्चों के खाते वेरिफिकेशन के अभाव में अपात्र हो गए। पिछले चार महीने तक भुगतान अटका रहा और जब वित्तीय वर्ष समाप्त हुआ, तब शासन द्वारा दी गई राशि वापस करना पड़ी।

जानकारी के अनुसार, विभाग को लगभग एक करोड़ रुपए शासन को लौटाने पड़े। इसका बड़ा कारण यह रहा कि कई पालकों ने बच्चों के खातों की डीबीटी प्रक्रिया पूरी नहीं करवाई। हालांकि विभाग ने समय रहते सूची तैयार कर भोपाल भेज दी थी, लेकिन राशि लंबे समय तक अटकी रही और अंततः इसे वापस करना पड़ा।

अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह राशि दोबारा जारी की जाएगी और क्या शासन इस बार बच्चों तक लाभ पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाएगा। खासकर तब, जब नया शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है और इस सहायता से बच्चों को पढ़ाई में राहत मिल सकती थी। अब उम्मीद है कि विभाग जल्द आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर इन बच्चों को योजना से जोड़ पाएगा।

## कलेक्टर ऑफिस में एक बार फिर प्रशासनिक सर्जरी, कई क्लर्क इधर से उधर

**इंदौर।** शासकीय कार्यों के संचालन में सुधार लाने और कार्य सुविधा के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने तृतीय श्रेणी कर्मचारियों एवं प्रभारी तहसीलदार/नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।



कलेक्टर सिंह के आदेश के अनुसार सहायक ग्रेड-2 जितेन्द्र चौहान को तहसील सांवेर, स्टेनोग्राफर सन्तोष श्रीवास्तव को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कार्यालय में कार्यभार दिया गया है। शिवेंद्र शिवहरे, सहायक ग्रेड-3, अंशुल कानूनगो को टप्पा क्षिप्रा, तहसील- सांवेर भेजा गया है। अन्य कर्मचारियों में नितेश अग्रवाल को तहसील देपालपुर, प्रसून पण्ड्या को जे.सी. एवं एसडब्ल्यू शाखा, अनिता अंगारे को तहसील राऊ, आशीष शर्मा को बिचौली हप्सी, अखलेश त्यागी को राऊ से तहसील कार्यालय हातोद जबकि नमिता शर्मा को चिटफंड और सत्यापन शाखा में पदस्थ किया गया है।

प्रभारी तहसीलदारों में अजय अहिरवाल को भिचौली हप्सी से हटाकर कनाडिया भेजा गया तथा अन्य प्रभारी तहसीलदारों में देवेन्द्र कच्छावा को भिचौली, अशोक परमार को राऊ और धीरेश प्रसाद सोनी को मानपुर स्थानांतरित किया गया है।

सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तुरंत अपने नए पदस्थापना स्थलों पर कार्यभार ग्रहण करें।

# दिमाग को रखें चुस्त-दुरुस्त



***बढ़ती उम्र का सबसे डरावना लक्षण होता है, दिमागी हालत का बिगड़ना। लेकिन यह समस्या या ऐसे लक्षण उन लोगों के पास फटकते भी नहीं जो अपने दिमाग को हमेशा सक्रिय रखते हैं। यह केवल कपोल कल्पना नहीं, बल्कि अनुसंधान द्वारा प्रमाणित सत्य है। अध्ययन बताते हैं कि दिमागी कसरतें जारी रखी जाएं, तो इसका जादुई सकारात्मक असर स्मरण शक्ति पर, तर्क करने की क्षमता पर और जटिल से जटिल विषयों को समझने के मामले में दिखाई देता है। अब तक के ऐसे सबसे बड़े अध्ययन में 65 वर्ष से ऊपर के 2800 बुजुर्गों को शामिल किया गया था। सभी स्वस्थ मानसिक स्थिति वाले थे। कुछ व्यक्ति तो 94 वर्ष से भी ऊपर के थे।***

### किए गए हैं शोध

पांच सप्ताह तक कम्प्यूटर और पेपर पेंसिल की मदद से उम्रदराज लोगों को एक तरह का प्रशिक्षण दिया गया था और इसके बाद निहायत आश्चर्यजनक परिणाम सामने आए। इन बुजुर्गों की मानसिक क्षमता तो बढ़ी ही, साथ ही ऐसा महसूस होने लगा, मानो इनकी उम्र 7 से 14 वर्ष तक कम हो गई हो। इस तरह के प्रयोग के दौरान यह पाया गया कि ये बुजुर्ग लोग बड़ी जल्दी ही बात को समझकर उस पर अपना मत व्यक्त करने लगे। टेलीफोन बुक में से बहुत जल्दी से फोन नंबर ढूंढ लेते थे। आसपास की घटनाओं और सूचनाओं को भी बहुत अच्छी तरह और तेजी से ध्यान में लेने लगे थे। कुछ अन्य प्रयोगों में भी यह देखा गया कि उम्रदराज लोगों की गाड़ी चलाने की क्षमता भी विकसित हुई। प्रशिक्षणों में शामिल बुजुर्ग स्त्री-पुरुषों ने यह स्वीकार किया है कि उनकी मानसिक स्थिति काफी चुस्त-दुरुस्त हुई है। कुछ का कहना है कि वे अब बेहतर तरीके से गाड़ी चलाने लगे हैं, पर जबकि कुछ लोगों ने बताया कि वे घर पर पहले की अपेक्षा बेहतर जीवन बिता पा रहे हैं। मानसिक सक्रियता कुछ ऐसी बढ़िया हो गई है कि वे अपने नाती-पोतों को उनकी छोटी-मोटी उलझनें दूर करने में थकान या परेशानी बिल्कुल नहीं महसूस करते, बल्कि वे बड़े मजे से इन बच्चों को उनके सवालों का हल ढूंढने अथवा शब्दकोश में से शब्दार्थ ढूंढ निकालने में मदद कर सकते हैं।

### पोषक आहार का है महत्वपूर्ण स्थान

ऐसे भी प्रमाण मिलते रहे हैं कि वृद्धावस्था में भी दिमाग लचीला ही रहता है। बशर्ते कि उसका भरपूर उपयोग किया जाए। बढ़ती उम्र में दिमागी हालत के बिगड़ने अथवा दिमागी बीमारियों का शिकार होने के पीछे सबसे बड़ा कारण यह रहता है कि इसका पर्याप्त रूप से इस्तेमाल नहीं किया जाता। बढ़ती उम्र में दिमाग की कोशिकाएं अगर नष्ट होती हैं तो नई कोशिकाएं बनती भी हैं और इस प्रक्रिया को और तेज किया जा सकता है। इसके लिए दिमागी कसरतों के साथ-साथ शारीरिक कसरत भी नियमित रूप से करने की जरूरत होती है।

पोषक आहार भी इस प्रक्रिया को सुदृढ़ करने में मददगार साबित होता है। एंटीऑक्सीडेंट्स और कई विटामिनों से युक्त फलों एवं सब्जियों का सेवन बेहतर परिणाम देता है। तनाव से दूर रहना, अच्छी नींद लेना, सामाजिक सक्रियता बनाए रखना वगैरह कुछ ऐसी बातें हैं जो वृद्धावस्था में भी आपको शारीरिक व मानसिक रूप से खूब तंदुरुस्त रख सकती हैं। उच्च रक्तचाप और मधुमेह (डायबिटीज) जैसी बीमारियों का तुरंत व समुचित इलाज करवाकर दिमाग को इनके दुष्प्रभावों से बचाया जा सकता है।

प्रयः यह देखा गया है कि 60 से 70 की उम्र के आसपास दिमाग की हालत कमजोर होने लगती है, लेकिन अगर उपरोक्त बातों का ध्यान रखा जाए तो ऐसी शिकायतों से बचे रहना सभी के लिए संभव है। इस गलतफहमी से मुक्त हो जाएं कि बढ़ती उम्र दिमाग खराब करती है। तात्पर्य यह है कि दिमागी हालत को चुस्त-दुरुस्त रखना है तो दिमाग का जमकर इस्तेमाल करें, तभी यह सक्रिय रहेगा, वरना निष्क्रिय हो सकता है।

### बेहतर बनाया जा सकता है जीवन

वैज्ञानिक और चिकित्सक स्वीकार करते हैं कि इस तथ्य के प्रमाणीकरण के लिए पर्याप्त सबूत उपलब्ध नहीं हैं कि केवल एक विशिष्ट प्रकार का प्रशिक्षण मानसिक अवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लाता है, लेकिन वे यह जरूर मानते हैं कि बुजुर्ग लोग ही नहीं, बल्कि कोई भी पहेलियां बूझने वाले खेलों से, ताश के ब्रिज जैसे खेलों से किसी नए विषय को सीखने की रुचि से अपने दिमाग की क्षमता का विस्तार कर सकता है। साथ ही यह भी माना जा रहा है कि इस तरह की दिमागी कसरतों के जरिए हर व्यक्ति का जीवन बेहतर बनाया जा सकता है। कुछ विद्वानों का मानना है कि दिमाग को सक्रिय रखना इससे काम लेते रहना ही इसके लिए बेहतरीन कसरत साबित होती है। इस तरह की कसरत नियमित रूप से करना चाहिए।

# कद्दू घटाता है दिल के दौरे का खतरा

भोजन की प्लेट में कद्दू को देख कर झुंझलाना अब बंद कर दीजिए क्योंकि इस उपेक्षित सब्जी में पाए जाने वाले कैरोटिनॉयड न केवल दिल के दौरे का खतरा घटाते हैं बल्कि आपकी काया को छरहरा बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

आहार विशेषज्ञों का कहना है कि चटख रंगों वाली इतराती सब्जियों के पीछे छिप कर, अलसाया सा नजर आने वाला कद्दू दिल के दौरे का खतरा कम करने वाले कैरोटिनॉयड्स और सेहत के लिए उपयोगी तत्वों का शानदार स्रोत है। आहार विशेषज्ञ एंडी सरदाना कहती हैं कि ''सूरत पर भारी सीरत'' कहावत को चरितार्थ करने वाले कद्दू में अल्फा कैरोटिन और बीटा कैरोटिन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ये कैरोटिन विटामिन ए में परिवर्तित हो जाते हैं और विटामिन ए न केवल हृदय को दुरुस्त रखता है बल्कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। प्राकृतिक चिकित्सक प्रदीप वर्मा कहते हैं ''आंखों में मोतियाबिन्द की बीमारी कब हो जाती है, पता नहीं चल पाता। इसी तरह ट्यूमर की शुरुआत कब हो और यह कैंसर में तब्दील हो जाए, कहना मुश्किल होता है। लेकिन कद्दू में पाए जाने वाले कैरोटिनाएड इन खतरों से बचाने में मददगार होते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट वजन घटाने में उपयोगी होते हैं।''



शायद कद्दू के इन्हीं गुणों की वजह से अमेरिका में 29 सितंबर को ''पम्पकिन डे'' मनाया जाता है। भारत में ऐसे किसी दिन का चलन नहीं है लेकिन वनस्पति जगत के कुकरबिटा समूह की कुकरबिटेसी फैमिली का यह सदस्य भारतीयों की जीवनशैली के कारण उन पर आसन्न खतरे को देखते हुए बेहद उपयोगी हो सकता है। आहार विशेषज्ञ अलका सिंह कहती हैं, ''कद्दू में पाया जाने वाला अल्फा कैरोटिन त्वचा में कसाव लाता है और झुर्रियों से बचाता है। बीटा कैरोटिन त्वचा को सूर्य की रोशनी में पराबैंगनी किरणों से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाता है और जलन दूर करने में भी मददगार होता है।

अलका के अनुसार, कद्दू में पाया जाने वाले विटामिन सी और मैग्नीशियम प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, वहीं विटामिन ई त्वचा को स्वस्थ बनाए रखता है और अल्ज़ाइमर तथा कैंसर के कुछ प्रकारों से बचाता है। वह बताती हैं ''इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम शरीर में द्रव का स्तर संतुलित बनाए रखता है और रक्तचाप नियंत्रित करता



# ताली बजाएं और रोग भगाएं

ताली बजाकर रोगों का इलाज सुनने में जरा अजीब जरूर लगेगा, लेकिन यह सच है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ताली शरीर और स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। ताली बजाने से न सिर्फ रोगों के आक्रमण से रक्षा होती है, बल्कि कई रोगों का इलाज भी हो जाता है। जानते हैं हम कैसे ताली बजाकर निरोगी बन सकते हैं।

हाथों से नियमित रूप से ताली बजाकर कई रोग दूर किए जा सकते हैं। प्रतिदिन यदि नियमित रूप से कम से कम 1 या 2 मिनट ताली बजाई जाए तो फिर किसी प्रकार के व्यायाम या आसनों की जरूरत नहीं रहती। लगातार ताली बजाने से मानव शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति की वृद्धि होती है, जिससे शरीर रोगों के आक्रमण से बचने की क्षमता प्राप्त कर लेता है।

क्या कहता है एक्यूप्रेशर?

एक्यूप्रेशर चिकित्सा विज्ञान की दृष्टि से देखा जाए तो हाथ की हथेलियों में शरीर के सभी आंतरिक उत्सर्जन संस्थानों के बिंदु होते हैं व ताली बजाने से जब इन बिंदुओं पर बार-बार दबाव पड़ता है तो सभी आंतरिक संस्थान ऊर्जा पाकर अपना काम सुचारू रूप से करते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी बनता है। ताली बजाने से शरीर की अतिरिक्त वसा कम होती है, जिससे मोटापा कम होता है। शरीर के विकास नष्ट होते हैं। वात, पित्त, कफ का संतुलन ठीक रहता है।

ताली बजाने के इस प्राकृतिक साधन का उपयोग करने का लाभ तभी मिल सकता है, जब हमारी दिनचर्या में अप्राकृतिक साधनों का उपयोग कतई हनीं हो। जब हम प्रकृति का नाश करते हैं तो वह भी हमसे बदला लेती है और हमारी प्रकृति को विकृति में बदल देती है। विकृति ही व्याधि है। विकार ग्रस्त होना रोगी होना है। ताली बजाना मन की प्रसन्नता भी प्रतीक है। इस कारण प्रसन्नता में ताली बजाई जाती है।



## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने संसद, विधानसभा में डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनकी 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। रेखा गुप्ता के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इससे पहले, दिन में मुख्यमंत्री ने अपने निर्वाचन क्षेत्र शालीमार बाग में आंबेडकर की स्मृति में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में भाग लिया। बाद में उन्होंने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और अन्य मंत्रियों के साथ विधानसभा परिसर में आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुप्ता ने आंबेडकर को समानता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के अग्रदूत के रूप में याद किया। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में आंबेडकर के अद्वितीय योगदान का उल्लेख भी किया।

### कौन हैं हरियाणा के रामपाल कश्यप

# जिन्हें पीएम मोदी ने हरियाणा में पहनाए जूते?

हरियाणा की धरती पर एक ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने भावना और आस्था की सभी सीमाओं को पार कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए 14 साल तक नंगे पैर चलने वाले हरियाणा के कैथल निवासी रामपाल कश्यप को आखिरकार अपनी जिंदगी का सबसे यादगार पल मिल ही गया। न सिर्फ उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की, बल्कि खुद मोदी ने उनके पैरों में चप्पल पहनाई, जिससे यह एक अविस्मरणीय और ऐतिहासिक पल बन गया। नरेंद्र मोदी के समर्पित अनुयायी रामपाल कश्यप ने 2009 में एक प्रतिज्ञा की थी जो उनके जीवन के अगले 14 वर्षों को परिभाषित करेगी। उनका दृढ़ विश्वास था कि एक नेता के रूप में नरेंद्र मोदी ही वह व्यक्ति हैं जो देश का भाग्य बदल सकते हैं। इस दृढ़ विश्वास के साथ, उन्होंने प्रतिज्ञा की कि जब तक मोदी भारत के प्रधानमंत्री नहीं बन जाते और जब तक वे उनसे व्यक्तिगत रूप से नहीं मिलते, तब तक वे जूते नहीं पहनेंगे।



अपने वचन के अनुसार, रामपाल हर मौसम में नंगे पैर चलते रहे, चाहे वह गर्मी की कड़ी धूप हो, सर्दियों की कड़ाके की ठंड हो या मानसून की मूसलाधार बारिश। एक दशक से भी ज़्यादा समय से जिस पल का इंतज़ार किया जा रहा था, वह आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी के हरियाणा दौरे के दौरान आ ही गया। मंच पर मीडिया और समर्थकों की भीड़ के सामने रामपाल को प्रधानमंत्री से मिलने के लिए बुलाया गया। बेहद भावुक अंदाज़ में मोदी ने झुककर रामपाल के पैरों में चप्पलें रखीं। पूरा दर्शक वर्ग भावुक हो गया और माहौल में भी भावनाएँ उमड़ पड़ीं। अपने शांत स्वभाव के लिए मशहूर प्रधानमंत्री मोदी भी इस पल से अभिभूत नज़र आए।

भावनात्मक मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एकत्रित भीड़ के साथ अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि यह व्रत सिर्फ़ मेरे लिए नहीं था, यह उन लोगों की सामूहिक शक्ति को दर्शाता है जो हमारे देश को नई दिशा देने में विश्वास करते हैं। 14 साल तक नंगे पैर चलना आसान नहीं है; यह त्याग और अटूट आस्था का चरम है। इस पल से अभिभूत रामपाल को आंसू बहाते हुए अपना आभार व्यक्त करते देखा गया। उनके अटूट विश्वास और भक्ति को आखिरकार न केवल प्रधानमंत्री बल्कि भारत के लोगों ने भी मान्यता दी। यह मुलाकात नेता और उनके अनुयायियों के बीच गहरे संबंध की याद दिलाती है, और कैसे आस्था के ऐसे कार्य समय और स्थान से परे हो सकते हैं।



## पत्रकारिता के माध्यम से बाबा साहेब ने की वैचारिक क्रांति : प्रो. संजय द्विवेदी

**भोपाल।**

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी का कहना है सामाजिक परिवर्तन के लिए बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने पत्रकारिता को साधन बनाया और लगभग 36 साल की लंबी पत्रकारीय साधना के माध्यम से वैचारिक क्रांति की। प्रो.द्विवेदी आज क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। आयोजन की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य, प्रोफेसर शिव कुमार गुप्ता ने की तथा विशिष्ट अतिथि मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल (MANIT) के सह प्राध्यापक डॉ. मनोज आर्य रहे।

प्रो. द्विवेदी ने कहा बाबा साहब ने समाज सुधार और सामाजिक समरसता के विचार को जनांदोलन में बदल दिया। वे संकल्प से सिद्धि के अप्रतिम उदाहरण हैं। द्विवेदी ने कहा कि वे 'मूक समाज' को स्वर देकर उसके 'नायक' बने।

# गुरुग्राम भूमि सौदे में रॉबर्ट वाड्रा को ईडी का समन

### प्रियंका गांधी के पति ने 'राजनीतिक प्रतिशोध' का किया दावा

**नई दिल्ली।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को हरियाणा के शिकोहपुर भूमि सौदे से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में रॉबर्ट वाड्रा को दूसरा समन जारी किया। पूछताछ के लिए वाड्रा अपने घर से पैदल ही ईडी कार्यालय पहुंचे।

**गुरुग्राम भूमि सौदे में रॉबर्ट वाड्रा को ईडी का समन-**कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने शिकोहपुर भूमि सौदे में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में ईडी द्वारा जारी समन को 'जासूसी' और 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया। एजेंसी द्वारा मंगलवार को पूछताछ के लिए दूसरी बार समन भेजे जाने के बाद वाड्रा दिल्ली स्थित अपने आवास से ईडी कार्यालय पहुंचे।

**रॉबर्ट वाड्रा ने राजनीतिक प्रतिशोध' का दावा-**विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई वाड्रा ने आरोप लगाया कि संघीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने इंडिया टुडे टीवी से कहा, 'वे मुझे चुप कराने की कोशिश कर रहे हैं। वे राहुल को संसद में रोकते हैं...' उन्होंने कहा, 'जब भी मैं लोगों के लिए आवाज उठाऊंगा और उनकी बात सुनूंगा, वे मुझे दबाने की कोशिश करेंगे... मैंने हमेशा सभी सवालों के जवाब दिए हैं और आगे भी देता रहूंगा।'



**क्या है मामला?**

वाड्रा 8 अप्रैल को भेजे गए पहले समन का जवाब देने में विफल रहे थे। अब उन्हें पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है, क्योंकि केंद्रीय एजेंसी उनकी फर्म स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है।

ईडी के अनुसार, वाड्रा की कंपनी ने फरवरी 2008 में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से गुड़गांव के शिकोपुर में 3.5 एकड़ का प्लॉट 7.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। वाड्रा की कंपनी ने इसके बाद इस जमीन को रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दिया। इस रकम के लॉन्ड्रिंग स्कीम का हिस्सा होने का संदेह होने के कारण केंद्रीय एजेंसी इस अप्रत्याशित लाभ के पीछे के पैसे के स्रोत की जांच कर रही है। जब वाड्रा पूछताछ के लिए पेश होंगे, तो उनका बयान प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर को खास पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की जरूरत : उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि केंद्रशासित प्रदेश एक बार फिर प्रमुख पर्यटन स्थल बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के बजाय 'मूल्य आधारित पर्यटन' का रास्ता चुनने पर जोर दिया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने यहां एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए श्रीनगर जाने वाली घरेलू उड़ानों के लिए ऊंचे हवाई किराये की भी आलोचना की, खासकर यदि टिकट यात्रा से एक या दो दिन पहले बुक किए गए हों।



उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जम्मू को श्रीनगर से जोड़ने वाली नयी वंदे भारत ट्रेन, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही हरी झंडी दिखाएंगे, यात्रियों के लिए कुछ राहत लेकर आएगी। इस कार्यक्रम-आईसीसी एविएशन एंड टूरिज्म कॉन्फ्रेंस 2025-की मेजबानी भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा की गई थी। अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की खूबसूरती लंबे समय से पर्यटकों को आकर्षित करती रही है, यहां तक कि घाटी के आतंक और हिंसा के साये में आने से भी पहले। अब्दुल्ला ने कहा, 'पर्यटन एक ऐसी चीज है, जिसके लिए जम्मू-कश्मीर प्रसिद्ध है। परेशानियों के लिए कुख्याति से बहुत पहले, हम जम्मू-कश्मीर की खूबसूरती और जम्मू-कश्मीर के पर्यटन के लिए प्रसिद्ध थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक समीर खान के द्वारा राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 105, लाला भाई मंजिल, 39-40 न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर से प्रकाशित। संपादक-समीर खान* (9424018786), सह-संपादकः अदनान अली (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)
Email : sameer18786@gmail.com (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)